Title: Demand to provide drinking water to the people in Mirzapur Parliamentary Constituency.

श्रीमती फूलन देवी (मिर्जापुर): अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ बातें यहां पर उठाना चाहती हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। वह आदि वासी एरिया है। इस देश को आजाद हुए ५० वर्ष हो गये हैं लेकिन किसी भी सरकार ने अभी तक वहां की जनता को स्वच्छ पानी मुहैया नहीं किया है। जब मैं पहली बार एम.पी. बनी थी तब मैंने पेय जल योजना के अन्तर्गत १८०० हैंडपम्प वहां दिये थे उसकी सूची मुझे दी जाये । लेकिन दुर्भाग्यवश बीच में मैं चुनाव हार गई। चुनाव हारने के बाद उन हैंडपम्पों का बड़ा दुरुपयोग हुआ है कार्यवाही की जाये । भारतीय जनता पार्टी की सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन हैंडपम्पों को पांच-पांच हजार रुपये में बेच दिया। उसे रोका जाये । (व्यवधान) वहां गरीब जनता को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। मुहैया कराया जाये । (व्यवधान)

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा): अध्यक्ष महोदय, यह सरासर गलत है

... (व्यवधान)

श्रीमती फूलन देवी: आप क्यों पर्दा डालते हैं।

... (व्यवधान)
आप इस पर पर्दा मत डालिये। केन्द्र सरकार अतिरिक्त धनराशि देकर मेरे क्षेत्र का विकास कराये ।

अध्यक्ष महोदय, गरीब लोगों को जो लोन मिलता है, उसमें से २० परसेंट कमीशन वह पहले ही ले लेते हैं। भाजपा के लोग ३० परसेंट ले लेते हैं। इसी तरह इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत जो पैसा मिलता है, वह भी नहीं दिया जाता। उसके लिए उनसे कहा जाता है कि पहले आप पांच हजार रुपये दो फिर पच्चीस हजार ले जाओ। ... (व्यवधान) जब हमारी गरीब जनता १०० रुपये में खाना नहीं मुहैया करा पाती तब वह पांच हजार रुपये कहां से देगी?

... (व्यवधान)
हमारे भाई खुराना जी चिल्ला रहे हैं कि दिल्ली में बसों के किराये बढ़ा दिये गये हैं।

... (व्यवधान)
मुझे बहुत दुख है। आप तो बड़े सीनियर नेता हैं। आपको ऐसा नहीं करना चाहिए।

... (व्यवधान)
पूरे देश को देखना चाहिए।

... (व्यवधान)

श्री राम नगीना मिश्र : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी जिलों में अरबों रुपया किसानों का बकाया है।

... (व्यवधान)

श्रीमती फूलन देवी : हमारे क्षेत्र की जनता रो रही है।

... (व्यवधान)
पूरे देश की जनता रो रही है और आप यहां दिल्ली की बसों के किराये को रो रहे हैं। ... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैडम, आप बैठ जाइये।

... (व्यवधान)

श्रीमती फूलन देवी : हमारे देश की गरीब जनता जो कि पम्पसेटों से पानी भरती है, सिंचाई करती है और ट्रैक्टर से खेती करती है, वह हमसे हिसाब पूछ रही है कि बहन जी आपके जीत जाने के बाद चार रुपये डीजल के दाम क्यों बढ़ गये?

... (व्यवधान)
आप दिल्ली सरकार से हिसाब पूछ रहे हैं, क्योंकि कल आपने मुख्यमंत्री बनना है, लेकिन पूरे देश की जनता क्या करे?

... (व्यवधान)
आज उत्तर प्रदेश में बड़ा भ्रष्टाचार हो रहा है।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैडम, अब आप बैठ जाइये।

... (व्यवधान)

श्री राम नगीना मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान खास तौर से उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के गन्ना किसानों की तरफ दिलाना चाहता हूं।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : इसलिए हमने आपको मौका दिया है।

... (व्यवधान)

श्री राम नगीना मिश्र : हमारे यहां किसानों का अरबों रुपया बकाया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में नौ चीनी मिले हैं।

... (व्यवधान)

श्रीमती फूलन देवी : गरीब जनता को और लोन मुहैया कराया जाए।

... (व्यवधान)
हमारे यहां बुनकर उद्योग है। उनका कर्जा माफ किया जाये । वहां पुलिस शोषण करती है। उसे मुक्त किया जाये । (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: This will not go on record.

(Interruptions) *

---

*Not recorded.